प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 06.04.2026 समय : 01:00 पी.एम.

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सहित अन्य भाजपा नेताओं ने पार्टी के 47वें स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी है। श्री मोदी ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि पार्टी 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत से प्रेरित होकर समाज सेवा में सदैव अग्रणी रही है।

श्री शाह ने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि पार्टी ने विभिन्न क्षेत्रों में अपने प्रमुख संकल्पों को पूरा किया है और भारतीय संस्कृति के ऐतिहासिक महत्व को पुनर्जीवित करने के प्रयास कर रही है। श्री नवीन ने सभी से एक विकसित भारत के निर्माण के लिए सम्पूर्ण ऊर्जा के साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। इधर राजधानी जयपुर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पार्टी ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने '**सेवा ही संकल्प**' का संदेश दिया। सभी जिलों, मंडलों और बूथ स्तर तक भाजपा स्थापना दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

00000

प्रदेश में एक के बाद एक लगातार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहे है। इनके असर से मौसम का मिजाज बदला हुआ है और आंधी बारिश का सिलसिला बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में आज से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इससे दोपहर बाद जोधपुर, बीकानेर और अजमेर संभाग तथा शेखावाटी इलाके में आंधी के साथ हल्की से मध्यम बरसात संभव है। अगले तीन दिन तक सक्रिय रहने वाले इस विक्षोभ का सबसे ज्यादा असर कल रहने के आसार है। बीते 25 दिनों में सक्रिय होने वाला ये सातवां पश्चिमी विक्षोभ होगा। वहीं कल कोटा, टोंक, करौली और श्रीगंगानगर सहित कुछ स्थानों पर बरसात हुई। जयपुर और भरतपुर संभाग में भी छुटपुट बारिश दर्ज की गई। पारे में भी उतार चढाव देखने को मिला। बाडमेर में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार रहा।

0000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित उप निरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर भर्ती–2025 के पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और पारदर्शी वातावरण में सम्पन्न हुई। ये परीक्षा प्रदेशभर में एक हजार 174 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है। इसके लिए 7 लाख 70 हजार अभ्यर्थी पंजीकृत है। परीक्षा आज भी दो पारियों में आयोजित हो रही है। पुलिस और प्रशासन की ओर से परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

0000

भरतपुर के भुसावर क्षेत्र की ग्राम पंचायत झारोटी में आज से दो दिन के पद दंगल कार्यक्रम की शुरूआत हुई। कृषि मंत्री किरोडी लाल मीणा ने इसका शुभारम्भ किया। इस मौके पर श्री मीना ने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए लोक गायन, लोक नाट्य और लोक नृत्य का निरंतर आयोजन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत विश्वभर में अपनी विशिष्ट पहचान रखती है तथा विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित करती है। यह आयोजन हमारी लोक परंपराओं, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक एकता का सशक्त उदाहरण है।

0000

जोधपुर का प्रसिद्ध धींगा गवर मेला कल हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सदियो पुरानी इस परम्परा में महिलाएं विभिन्न स्वांग रचकर गवर माता का पूजन करती है और हाथों में छडी लेकर निकलती है। इस दौरान विभिन्न मंदिरों और शहर के प्रमुख स्थलों पर गवर माता की पूजा अर्चना की गई। ये परम्परा बेटियों के सम्मान और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक मानी जाती है। इस दौरान भक्ति का

अद्भुत संगम देखने को मिला। स्थानीय लोगों के साथ दूरदराज से आये लोगों ने भी धींगा गवर मेले में बढचढकर भाग लिया।

0000

आई.पी.एल. क्रिकेट में आज कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना पंजाब किंग्स से होगा। यह मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा।

0000